## सार-समाचार

### यूथ बास्केटबॉल का आयोजन 7 से

**जालोर**, (कासं)। डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन जालोर के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप के आयोजन का शुभारम्भ 7 सितंबर को प्रातः 9 बजे तथा समापन समारोह 8 सितंबर को सायं 7 बजे एम्मानुएल मिशन सीनियर सैकण्डरी स्कूल जालोर के बास्केटबॉल कोर्ट पर प्रकाश बिश्नोई प्रेसिडेंट, लाल सिंह सांखला सैक्रेटरी जनरल, भागीरथ गर्ग सेक्रेटरी जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन, सूर्य वीर सिंह वाघेला प्राचार्य इमानुएल मिशन सीनियर स्कूल, देवाराम सांखला, मुकेश राजपुरोहित, शैतान सिंह राजपुरोहित के आतिथ्य में सम्पन होगा। जालोर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल के सैक्रेटरी मून सिंह राठौड ने बताया कि जिला स्तरीय यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मान्यता प्राप्त सभी क्लबों शिक्षण संस्थाएं छात्रावास अकादमी के बालक बालिकाओं की प्रविष्टियां 6 सितंबर तक सचिव को उपलब्ध करवा सकेंगे 7 जिला स्तरीय यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 या इसके बाद की होनी चाहिए। जन्मतिथि के प्रमाण के लिए 10 वीं बोर्ड की अंकतालिका ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र जो जन्म से 5 वर्ष के अंदर बना हो एवं खिलाड़ी स्वयं का तथा उनके माता पिता आधार कार्ड व सभी मूल दस्तावेज साथ लाएंगे। इस चैंपियनशिप के दौरान बालक बालिका टीम का चयन किया जाएगा जो 39 वीं यूथ राज्य स्तरीय चैंपियनशिप उदयपुर में 27 से 29 सितम्बर तक जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

### प्रजापति समाज की धोरीमना में बैठक हुई

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमन्ना के बाड़मेर रोड़ श्रीयादे हाईवे होटल, भीखाराम प्रजापत,भवन, धोरीमना में प्रजापति समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में छात्रावास निर्माण सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वही धोरीमन्ना प्रजापति समाज के लिए बाड़मेर, बालोतरा, जालोर, सांचौर चारो जिलों का केंद्र है। प्रजापति समाज शिक्षा में पिछडा हुआ है। वही शिक्षा के अभाव के कारण प्रजापति समाज का छात्रावास अभी तक नहीं बन पाया। इसलिए समाज के छात्रावास की जरूरत है। धोरीमना क्षेत्र के प्रजापति समाज के युवाओं ने समाज से आग्रह किया है कि समाज के भामाशाहों के सहयोग से छात्रावास का निर्माण किया जाये। तथा छात्रावास के विकास के लिए आगे आए। आज का युग शिक्षा का है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा से समाज का उत्थान होगा, समाज और देश का विकास होगा, राष्ट्र का विकास होगा। इस दौरान मोतीलाल धनाऊ, श्रवण कुमार बामणोर, केवलाराम सिसावा , कालूराम,मोटाराम, भेराराम, हनुमानाराम बामणोर, भीयाराम, मागीलाल, जगदीश , धर्माराम, रमेश, बोली, चेतनराम सोडियार, हुकमाराम, धोरीमन्न, वालाराम, मोहनलाल,चनणाराम दुधु सहित कई लोग मौजूद रहे।

### रास्ता खुलवाने के लिए ज्ञापन दिया

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमन्ना क्षेत्र के नारणोणी लुखो की ढाणी ग्राम पंचायत लुखु में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने को लेकर उपखंड अधिकारी धीरेंद्र सिंह सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंप कर रास्ते से जुडी हुई तमाम प्रकार की समस्याओं को लेकर, ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते पर स्कूल के छात्र-छात्राओं इमरजेंसी डिलीवरी बुजुर्ग एवं विकलांग आने जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है, इसी रास्ते पर, 50,घरो की बस्तियां जुडी हुई है, जाट ,कुम्हार ,मेघवाल, बिश्नोई, इसी रास्ते पर चलने वाले परिवारों का रास्ता बंद है। पीडब्ल्यूडी के द्वार डामरी करना निर्माण हो रहा है, वह भी बंद है। हेमाराम ने बताया कि कई वार पटवारी मौके पर आया समझाइए करने पर रास्ता खुलवाया। लेकिन बार-बार बंद कर रहा है । रमेश गोदार ने काहा की मोहनसिंह पुत्र आईदान सिंह के अनुरुप पैमानईश की गई एव पटवारी द्वार बनाई गई मौका फर्द हस्ताक्षर कर सहमति प्रदान की गई थी, फिर बार-बार रास्ता बंद करके झगडा करने उतारू हो जाते हैं। इसी समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी धीरेंद्र सिंह सोनी ने आश्वासन दिया कि जांच करके रास्ता खुला देंगे। इस दौरान आसुराम लुखा, रामचन्द्र लुखा, हनुमान प्रजापत,आसुराम गोदारा, हेमाराम गोदारा,खुमाराम प्रजापत, गोमाराम प्रजापत,मालाराम प्रजापत, चेनाराम प्रजापत ,मेहराराम प्रजापत, कंवराराम लुखा, प्रवीण चौधरी, ओमप्रकाश,दुर्गाराम लुखा,मूलाराम गोदारा, खेताराम चौधरी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कचरा गाड़ी की टक्कर से मंदिर क्षतिग्रस्त

**जोधपुर** , (कासं) । भीतरी शहर के सर्राफा बाजार स्थित गणेशजी के प्राचीन मंदिर को नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हादसे पर श्रद्धालुओं ने आक्रोश जताया है। दरअसल सर्राफा बाजार में दाहिने सुंड वाले रोकडिय़ा गणेशजी का एक मंदिर है। इसको सुबह नगर निगम की कचरा संग्रहण ऑटो ने टक्कर मार दी। चालक गाड़ी को बैक ले रहा था तब लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टक्कर मारी और वहां से गाड़ी लेकर चला गया। इस टक्कर से मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया। सीसीटीवी फुटेज में भी ऑटो चालक की लापरवाही साफ नजर आई। इस पर यहां क्षेत्रवासियों व दुकानदारों ने विरोध जताया। उन्होंने निगम को चेतावनी दी है कि अगर मंदिर ठीक नहीं करवाया गया तो रास्ता रोककर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद कचरा संग्रहण कंपनी द्वारा मंदिर को सही करवाने का आश्वासन दिया गया तब श्रद्धालु शांत हुए।

### विद्या मंदिर में छात्र संसद के चुनाव

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर के छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया व मत मूल्य को समझने के लिए छात्र संसद के चुनाव संपन्न करवाए गए । चुनाव में सर्वप्रथम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पद हेतु आवेदन मांगे गए। अध्यक्ष पद हेतु अशोक कुमार कक्षा दसवीं व प्रकाश कुमार कक्षा नवमी, उपाध्यक्ष पद हेतु योगेश कुमार कक्षा दसवीं व भूमिका गोस्वामी कक्षा दसवीं तथा सचिन पद हेतु रवि कुमार कक्षा दसवीं व गुणदीप राणावत कक्षा नवमी ने अपनी दावेदारी की। विद्या मंदिर के छात्र संसद प्रमुख भंवर दास वैष्णव व प्रधानाचार्य प्रवीण रावल की देखरेख में मतदान प्र या संपन्न करवाई गई । चुनाव के परिणाम की घोषणा छात्र संसद प्रमुख द्वारा की गई जिसमें अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार, उपाध्यक्ष पद पर योगेश कुमार व सचिव पद पर रवि कुमार ने जीत हासिल की। तीनों विजेता प्रत्याशियों को प्रधानाचार्य व वरिष्ठ आचार्य बृज किशोर ने माला व साफा पहनकर स्वागत किया । तीनों विजेता प्रत्याशियों ने अपने पद हेतु शपथ ग्रहण की । कार्यक्रम में विद्या मंदिर के सभी छात्र छात्राएं व आचार्य आचार्याओ की उपस्थिति रही।

### अमानवीय घटनाओं का विरोध

**जोधपुर**, (कासं)। सावित्री बाई फुले महिला संगठन द्वारा शहर में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ हो रही अमानवीय घटनाओं को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले कुछ दिनों में शहर में नाबालिगों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं तेजी से सामने आई है जो चिंता का विषय है जोधपुर में लगातार बढ़ रही दुष्कर्म की घटनाओं से यह लग रहा है कि अपराधियों में कानून का भय नही है। महिलाएं और बालिकाएं अपने आप को घर, परिवार और समाज में असुरक्षित महसूस कर रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा सख्ती से इन मामलों को नहीं लिया है। महिलाओं एवं नाबालिग बच्चियों पर लगातार बढ़ रही घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा सख्त कदम उठाते हुए कठोर कानून बनाने की जरूरत है।

### पेंशनर समाज की मासिक बैठक हुई

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर उपखंड पेंशनर भवन ककु तगरा में राजस्थान पेशनर समाज उपशाखा रेवदर की मासिक बैठक का आयोजन मंसा राम पुरोहित की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें समस्त पेशनरों को प्रेरणादायक वार्ता के द्वारा जीवन में उपयोगी बातों की जानकारी प्रदान की। राज्य सरकार द्वारा नवीन गतिविधियों एवं पेशन योजनाओं की जानकारी कोषाध्यक्ष जयन्ति लाल जोशी के द्वारा दी गई,पेंशन समाज के नवीन सदस्यता ग्रहण करने वाले रेखाराम लुहार का बेग,मोमेन्टो एवं माला से सम्मानित किया गया। पन्नालाल राव, गंगासिहं देवडा,बाबूलाल जोशी, अजाराम सोरडी, भंवर सिंह सोलंकी, शंकरलाल लुहार सहित 25 पेशनर उपस्थित रहे।

### रावणा राजपूत महासभा की बैठक 8 को

**जालोर**, (कासं)। रावणा राजपूत जिला महासभा एवं युवा महासभा जालोर- सांचोर जिले के सभी जिला पदाधिकारी, जिले के समस्त महासभा एवं युवा महासभा तहसील अध्यक्ष के पदाधिकारी एवं सभी समाज बंधुओं की विशेष बैठक 8 सितंबर को रावणा राजपूत छात्रावास जालोर में रखी गई है। बैठक के संबंध में उक्त जानकारी महासभा के जिला अध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा दी है। उन्होंने अपील की है कि सभी समाज बंधु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।

# जर्जर हालत में कक्षा कक्ष, बारिश में विद्यार्थी परेशान

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने कक्षा रूम जर्जर हालत में होने के साथ बारिश के चलते छतों से पानी कि धारें बहने लगती है । समय रहते शिक्षा विभाग ने विद्यालय कि सूध नहीं ली तो बडा हादसा होने का संकट मंडराता नजर आ रहा है।

गुडामालानी का सबसे पहला विधालय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय है । इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर गए विद्यार्थी आज कई बडे सरकारी पदों बैठे हुए हैं । लेकिन आज इस विधालय की हालात इतनी नाजुक हो गए हैं कि छत, दीवारें बारिश का पानी सहन करने से कतरा रही है । शिक्षा विभाग के अधिकारियों की अनदेखी कहे या विद्यालय के स्टाफ की कमजोरी व विद्यालय में कुल 11 कक्षा रूम है, जो पुरे जर्जर हालत में है। वहीं स्टाफ रूम में रखी विद्यालय की सामग्री बारिश के पानी से खराब हो रही है । इस विद्यालय में कुल 12 अध्यापक एवं अध्यापिकाएं कार्यरत है । विधालय में कुल 186 छात्र छात्राएं अध्यनरत है । इन दिनों हों रही बारिश से छत का पानी दीवारों से होकर रूम के अन्दर चला आता है । जिससे अध्ययन करने वाले विद्यालयों के छात्र छात्राओं को भारी



गुड़ामालानी का राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जर्जर हालात में होने से हादसा को न्यौता दे रहा है। फोटो राष्ट्रदूत

परेशानियां का सामना करना पड रहा है। विद्यालय में 8 कक्षाओं का संचालन हो रहा है। इसी विद्यालय में बने तीन कक्ष जो ठीक ठाक बने हैं। उसमें में सीबीईओ कार्यालय का संचालन हो रहा है । बाकी बचे कक्षा कक्ष पुरे जर्जर हालत में है । ऐसी स्थिति में इस विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को क्षतिग्रस्त भवनो में बैठना पड़ रहा है । समय रहते विधालय कक्षा कक्ष कि काया पलट नहीं हुई तो बडा हादसा हो सकता है।

प्रधानाध्यापक हनुमानराम मेघवाल ने बताया कि जर्जर कक्षा कक्ष को लेकर प्रबंधक कमेटी द्वारा ग्राम पंचायत को लेकर प्रस्ताव लिया गया था। कई बार प्रधान के द्वारा भी निरीक्षण किया गया, लेकिन अभी तक कोई मुख्य समस्या का समाधान नहीं हुआ।

# नाहटा चिकित्सालय का यादव ने निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव मंगलवार को राजकीय नाहटा जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण को पहुंचे।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी में मरीजों की भारी भीड को देखते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सालय में चिकित्सकों के बैठने संबंधी वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। साथ ही मरीजों के बैठने के लिए बैंच एवं स्टूल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिला कलैक्टर यादव ने शिशु वार्ड, निःशुल्क दवाई केंद्र, प्रयोगशाला का निरीक्षण कर वार्डो में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य योजना के मिल रहे लाभों की जानकारी लेते हुए कुशलक्षेम पूछी।

इस दौरान मरीज निरमा एवं डिम्पा कुमारी दोनों के डेंगू जांच राजकीय चिकित्सालय से न करवा निजी प्रयोगशाला से किया जाना पाया गया। इस मामले की गंभीरता का संज्ञान लेते हुए जिला कलैक्टर ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार देवात एवं डॉ. राजेन्द्र पालीवाल को 17 सीसी नोटिस तथा वार्ड प्रभारी दीपक लखारा को 17 सीसी चार्टशीट जारी कर विभागीय कार्यवाही शुरू की।

जिला कलैक्टर यादव ने चिकित्सकों द्वारा मरीजों को बाहर की जांचे एवं दवाओं को लिखने पर मरीजों की समस्त जांचे मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के अन्तर्गत करने एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना में समस्त दवाईयां उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये।

साथ ही सभी चिकित्सको को निर्देशित किया कि कोई भी बाहर की जांच एवं दवा ना लिखे।

उन्होने चिकित्सालय में सोनोग्राफी, कलेवा योजना एवं मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के माध्यम से चिकित्सालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग से 55 लाख रूपये की लागत से करवाये जा रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार देवात ने बताया कि रिफाईनरी के माध्यम से 4० लाख रूपये के उपकरण भी शीघ्र प्राप्त हो जायेंगे। इसके अलावा चिकित्सालय को शुगर जांच प्राप्त हो गई है तथा थॉयराईड मशीन भी 1-2 दिन में प्राप्त हो जायेगी। मशीन प्राप्त होने के पश्चात शुगर एवं थायराइड रोगियों को निःशुल्क जांच सभंव हो सकेगी।

## आपसी विवाद में मारपीट के परस्पर केस दर्ज

**जोधपुर** , (कासं) । बनाड़ स्थित गोदारों की ढाणी क्षेत्र में दो पक्ष के लोगों के बीच में आपसी विवाद के चलते परस्पर केस दर्ज हुए।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मूलतः दौसा हाल गोदारों की ढाणी निवासी रामसिंह पुत्र धानसिंह ने बताया कि 1 सितंबर की रात्रि में आरोपी अनिल और साथी दुकान पर आए व रामसिंह एवं उसके पुत्र के साथ मारपीट की। क्रॉस केस दर्ज कराते हुए गोदारों की ढाणी निवासी धर्मेन्द्र पुत्र जालाराम जाट ने बताया कि 1 सितंबर की रात्रि के समय सुदामा और उसके साथियों ने उसके और भाईयों के साथ मारपीट की और गले में पहनी सोने की चेन छीनकर ले गए। रातानाड़ा थाने में सुभाष चौक रातानाडा निवासी मोहित चौधरी पुत्र इन्द्राराम ने पुलिस को बताया कि 1 सितंबर की रात्रि के समय शुमभ आदि ने रास्ता रोककर मारपीट की।

## बैंक में वृद्ध के थैले से 30 हजार रुपए पार

**जोधपुर** , (कासं) । निकटवर्ती लूणी तहसील के एक बैंक में वृद्ध के थैले से 30 हजार रूपए चोरी हो गए। पीड़ित वृद्ध की तरफ से इस बारे में लूणी थाने में रिपोर्ट दी गई है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज से रूपए चोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस बारे में लूणी थाने में प्राथमिकी दी गई है।

लूणी पुलिस ने बताया कि धुंधाडा निवासी 65 साल के मोटाराम पुत्र लक्ष्मणराम पटेल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वे सोमवार को दिन में लूणी में स्थित अपनी बैंक में नकदी निकालने गए थे। जहां बैंक से 30 हजार रूपए निकालने के बाद अपने पास रखे एक थैले में डाल दिए थे। मगर कुछ देर बाद पता लगा कि थैले में रखे रूपए गायब है। इस पर बैंक कर्मियों को इसकी जानकारी दिए जाने के साथ पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस बैंक पहुंची और सीसीटीवी फुटेजों को देखा, फिलहाल जांच की जा रही है।

# प्रभु महावीर का जन्म वाचन व पालना महोत्सव कल

**जोधपुर** , (कासं) । पर्युषण पर्व के उपलक्ष्य में भैरू बाग पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ में पवित्र ग्रंथ कल्प सूत्र का वाचन प्रारंभ हुआ।

तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं सचिव जगदीश गांधी ने बताया कि मंगलवार को परमात्मा के पालनाजी का चढ़ावा बोला गया। तीर्थ के अध्यक्ष गणेश भंडारी ने बताया कि उपरोक्त चढ़ावा लेने का लाभ पारसमल, रायचंद, महावीरचंद एवं रमेश भंसाली परिवार ने लिया। वहीं चार सितंबर को माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्न के चढ़ावे बोलकर प्रत्येक के दर्शन करवाए जाएंगे। इसके पश्चात गुरुवर के मुखारविंद से परमात्मा महावीर का जन्मवाचन किया जाएगा।

इस अवसर पर परमात्मा महावीर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए प्रभु का पलना झुलाया जाएगा। कल्प सूत्र का वाचन करते हुए आचार्य तत्वदर्शन सुरीश्वर ने कहा कि परमात्मा का चरित्र श्रवण करना महामंगलकारी है। परमात्मा का महान चरित्र अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला होता है। उन्होंने तीर्थंकर परमात्मा के 26 भवों की सूक्ष्मता के साथ विवेचना की। उन्होंने कहा दया धर्म का मूल है। प्राणी मात्र के प्रति दया भाव धर्म की चरम सीमा है।

आचार्य महाश्रमण की शिष्या साध्वी कुंदनप्रभा के सानिध्य व अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद जोधपुर द्वारा पर्युषण महापर्व का तीसरा दिवस सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया। मंगलाचरण युवक परिषद सदस्यों ने किया। साध्वी चारित्रप्रभा ने विधिवत रूप से त्रिपदी वंदना, जप, ध्यान प्रयोग, स्वाध्याय व त्रिगुप्ति साधना का प्रयोग करवाया।

साध्वी कुंदनप्रभा ने संबोधित करते हुए कहा कि जैन धर्म में सामायिक का विशेष महत्व है। धर्माराधना के दो मार्ग है संवर और निर्जरा। संवर का प्रमुख साधन है सामयिक। हम सामायिक से समता की साधना कर जीवन का विकास कर सकते है।

साध्वी किरणयशा ने पुनिया श्रावक की सामायिक की चर्चा की। साध्वी कुंदनप्रभा ने भगवान महावीर की अध्यात्म यात्रा में तीसरा भव मरीचि कुमार के जीवन चरित्र का वर्णन किया।

युवक परिषद मंत्री अंकित चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर 360 अभिनव सामायिक हुई।

अध्यक्ष मितेश जैन ने बताया कि नमस्कार महामंत्र अखंड जप अनुष्ठान में परिषद सदस्य अभिषेक सुराणा, मुदित समदडिया, राकेश सेठिया, अमित बोहरा, अनुज जैन, मोहित डोसी, सिद्धार्थ चौरडिया, विवेक सालेचा ने जप किया।

# चूंधी गणेश का अभिषेक

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में मंगलवार को मानसून की तेज बारिश से काक नदी में बहता पानी नदी से गणेश मंदिर के अंदर तक गया। गणेश भगवान को चरण स्पर्श करके पानी का बहाव आगे बढ़ा। इस नजारे को देखने लोग मौजूद रहे। मानसून की तेज बारिश ने गणेश भगवान का अभिषेक किया।

चमत्कार है कि सैंकड़ों साल से बरसाती नदी मंदिर के बीच से होकर मूर्ति को डूबाते हुए निकलती है। आज भी मूर्ति के आकार में कोई परिवर्तन नहीं आया। मूर्ति एक इंच भी नहीं घिसी है। जबकि पानी की तेज धार पत्थर को लगे तो वह घिस जाती। सैकड़ों सालों से जैसलमेर में इस चमत्कारी मंदिर के दर्शन करने लाखों लोग आते हैं।

जैसलमेर से 12 किमी दूर स्थित चून्धी गणेश मंदिर बरसाती नदी के बीच बना देशभर के मंदिरों में अपनी विशेष पहचान रखता है। इसका कारण है कि भारत में ऐसे कम ही मंदिर है, जो किसी नदी के बीच बने हुए है। चूंधी गणेश मंदिर की प्रतिमा को न तो किसी कारीगर ने बनवाया था और न ही किसी ने यहां पर प्राण-प्रतिष्ठा की थी। मूर्ति के बारे में मान्यता है कि ये प्रतिमा स्वयं भू ही प्रकट हुई थी। नदी के बीच होने के कारण बरसात के दिनों में कई बार ऐसा होता है कि गणेश जी की प्रतिमा पानी में डूबी होती हैं।



जैसलमेर में तेज बारिश से काक नदी से बहता पानी गणेश भगवान को स्पर्श करके आगे बढ़ता रहा। फोटो-राष्ट्रदूत

## गणेश मेले की तैयारियां शुरू

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर से 12 कि.मी. दूर स्थिति भगवान श्री गणेष के प्राकृतिक सौन्दर्य एवं ऐतिहासिक महत्व के लिए विख्यात शीषमहल रूपी श्री चूंधी गणेष मंदिर में आगमी 7 सितम्बर शनिवार को श्री गणेष चतुर्थी के पावन पर्व पर 36 वें श्री चूंधी गणेष महोत्सव को परम्परागत रूप से भव्य मेले के रूप में मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। कार्यक्रमों तथा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

श्री चूंधी गणेष मेला आयोजन समिति के संयोजक ग्वालदास मेहता ने बताया कि गणेश मेले को सुव्यवस्थित एवं महोत्सव के रूप में मनाने के लिये डॉ. दाउलाल शर्मा अध्यक्ष जन सेवा समिति की अध्यक्षता तथा श्री चूंधी गणेष मंदिर के पुजारी अनुप गौतम महाराज, गजटेड हनुमान मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा के सानिध्य तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक विपिन, समाजसेवी आईदानसिंह भाटी तथा सवाई सिंह सी.आई कोतवाली जैसलमेर के मुख्य आतिथ्य में मंदिर परिसर मे मेला आयोजन समिति की बैठक कर समितियों का गठन किया।

## सार-समाचार

### योग प्रतियोगिता में चिराग व वंदना श्रेष्ठ

**जालोर**, (कासं)। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में योग प्रतियोगिता सुबोध विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में संपन्न हुई। चिराग परमार व वंदना चौहान ने श्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दशरथ चौधरी ने बताया कि सुबोध विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें जालौर जिले के कई गांव के योग खिलाडयिों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व सीनियर ए, बी, सी वर्ग में आयोजित की गई। जिला सचिव पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर बालिका वर्ग में निकिता नौसरा, विनीता जालोर व मनीषा कुमारी नौसरा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सब जूनियर बालक वर्ग में वीरेंद्र सिंह सांथु, यशवर्धन जालोर व परमजीत नौसरा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इसी प्रकार से जूनियर बालिका वर्ग में वंदना चौहान जालोर, संध्या कुमारी जालौर, जय श्री कुमारी जालौर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया इस प्रकार से जूनियर बालक वर्ग में राणसिंह जालौर, भावेश कुमार जालौर व दिलीप कुमार जालोर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया सीनियर बालिका वर्ग में भूमिका जालोर, अनन्या परमार जालौर व यासमीन सोडा जालोर ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया सीनियर बालक वर्ग में चिराग परमार जालोर, सजना राम नून व दिनेश सिंह राजपुरोहित जालोर ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। चिराग परमार व वंदना चौहान ने अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस देते हुए श्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड अपने नाम किया ।

### श्रद्धालुओं के लिए चल कैंटीन शुरू

**बालोतरा**, (निसं)। बाबा रामदेव पैदल यात्रियों के लिए गुरु बगदेश्वर चल कैंटीन सेवा समिति जीनगर समाज बालोतरा द्वारा चल कैंटीन का शुभारंभ पचपदरा विधायक अरुण चौधरी एवं जीनगर समाज विकास समिति बालोतरा अध्यक्ष सुरेश चितारा द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। समाज अध्यक्ष सुरेश चितारा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान चल कैंटीन की व्यवस्था की गई है, ताकि सभी पैदल यात्रियों को मार्ग में फल, कोल्ड ड्रिंक और पेयजल की कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन में सभी के लिए निशुल्क नाश्ते की व्यवस्था होगी, जिससे यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पडेगा। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखना और उन्हें यात्रा के दौरान ऊर्जा प्रदान करना है। इसी दौरान दिनेश व्यास, बाबू लाल चितारा, श्रवण चितारा, हर्षवर्धन गुजर, पृथ्वीराज चौहान, महेंद्र गुजर, कल्पेश राठौड, अमृतलाल खत्री, सुरेश राठौड, अनिल व्यास, हीरालाल व्यास द्वारा आइसक्रीम शीतल जल एवम मेडिकल सेवा की व्यवस्था की गई। जिसमें बाबूलाल चौहान, मांगीलाल चौहान, मुकेश सोनगरा, जगदीश पंवार, गौतम गोयल, नारायण सोनगरा, किशोर पंवार, नेमीचंद चितारा, पेमाराम राठौर, मोहनलाल चितारा भंवरलाल चितारा, बाबूलाल चितारा, रामेश्वर व्यास,अशोक चौहान, अनिल चौहान, सुखदेव सोनगरा, घेवर चंद व्यास आदि जीनगर आदि मौजूद रहे।

### केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ में हिन्दी पखवाड़ा

**जोधपुर** , (कासं) । पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में मंगलवार को हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ हर्षोल्लास से हुआ। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि समर्पित की। टीजीटी हिन्दी शिक्षक चंदन सिंह ने हिन्दी के महत्त्व और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विद्यार्थियों के लिए काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में केशव नारायण व्यास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कावनी ने द्वितीय और कंचन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में खुशी प्रथम रही, जबकि अनीता ने द्वितीय और तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक चंदन सिंह, मदन लाल सैनी एवं श्रीमती प्रीति देशवाल थे। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने अपने सम्बोधन में हिन्दी को आत्मीयता के साथ अपनाने और अधिकाधिक हिन्दी के अनुप्रयोग के लिए प्रेरित-प्रोत्साहित किया। पीजीटी हिन्दी शिक्षक सोहन लाल शर्मा ने हिन्दी पखवाड़े के स्वरूप से परिचय कराते हुए कार्यक्रम का संचालन किया।

### डॉ. जोशी ने उदयपुर में दिया प्रशिक्षण

**जोधपुर** , (कासं) । जोधपुर के सीपीआर ट्रेनर डा. राकेश जोशी ने उदयपुर की गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इस सत्र का नेतृत्व जे एम जे हेल्थ केयर के नर्सिंग अधीक्षक सीपीआर ट्रेनर डॉ. राकेश कुमार जोशी ने अपनी अनुभवी टीम के साथ किया। जिसमे नर्सिंग अधिकारी उत्सव चौधरी एवम् नर्सिंग अधिकारी चक्रेश वर्मा ने सहयोग दिया। इस दौरान छात्रों को सीपीआर के महत्व और इसे सही तरीके से करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से उपस्थित लोगों को सिखाया कि आपातकालीन स्थितियों में जीवन कैसे बचाया जा सकता है। डॉक्टर जोशी की टीम द्वारा अब तक लगभग 80,000 लोगों को सीपीआर के बारे में बारीकी से जानकारी दी जा चुकी है। जीएमसीएच के प्रशासन ने इस प्रशिक्षण सत्र के आयोजन के लिए डॉ. जोशी और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

### गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम हुआ

**पाली**, (नि.सं.)।अगस्त मंगलवार को भारत विकास परिषद् के बेनर तले भारतीय विद्या मंदिर उ. मा. विद्यालय राम नगर पाली में गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों ने शिक्षकों के भाल पर तिलक लगाकर व श्रीफल भेंट कर शीश नवाया गया। प्रधानाचार्य की उपस्थिति में भारत विकास परिषद् की ग्रुप प्रभारी जय शंकर त्रिवेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को भारत विकास परिषद् का परिचय दिया। भारत विकास परिषद् प्रदेश सम्पर्क प्रभारी जगदीश झवर ने कार्यक्रम का महत्व समझाया। उर्मिला तापड़िया ने प्राचीन काल में गुरू शिष्य परम्परा का महत्व समझाया। प्रधानाचार्य ने माता पिता व गुरू का स्थान सर्वोपरि बताया। गौरव शालेचा ने शपथ दिलाई व प्रतिभावान विधार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

### जीप चालक की टक्कर से एक की मौत

**जोधपुर** , (कासं) । जिला जोधुपर ग्रामीण के ओसियां उपखंड क्षेत्र के खाबड़ा गांव से गुजरने वाली रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल हो गए। घायलों में से एक को जोधपुर रैफर किया और दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने बताया कि खाबड़ा गांव के पास एक जीप व बाइक की टक्कर हो गई। इसमें बारनाऊ चामू गांव निवासी राजूराम पुत्र रूपाराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बैरडों का बास चेराई निवासी रमेश पुत्र लालाराम व हड़मान पुत्र बनाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ओसियां के उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया। हादसा इतना भयानक था कि मृतक के सिर के दो टुकड़े हो गए। वहीं पैर की हड्डी बाहर आ गई।

### बिजली सामान चोरी के तीन आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं) । निकटवर्ती मथानिया के तिंवरी रिको एरिया में बिजली का सामान चोरी हो गया। इस बारे में सहायक अभियंता की तरफ से मथानिया थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और तीन अभियुक्तों को दस्तयाब कर पूछताछ की। बाद में चोरी के आरोप में तीनों को गिरफ्तार कर बिजली का सामान जब्त किया गया। मथानिया पुलिस ने बताया कि इस संबंध में पवन ऊर्जा के सहायक अभियंता महिपाल जाट की तरफ से मामला दर्ज कराया गया।पुलिस को बताया कि 2 सितंबर की आधी रात्रि के समय रिको एरिया तिंवरी क्षेत्र में 6 मीटर केबल, पाइप ट्रांसफार्मर चैनल के 10 नग चोरी हो गए। पुलिस ने मामले में तफ्तीश करते हुए अब तिंवरी मथानिया निवासी कालूराम पुत्र हड़मानराम, विशाल पुत्र पारसमल , सवाई पुत्र राजूराम को गिरफ्तार कर सामान बरामद किया।

### सरपंच ने कार्यशाला में भाग लिया

**बाप**, (निसं) । ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राजस्थान द्वारा सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) पर जयपुर स्थित इंदिरा गांधी पंचायतीराज व ग्रामीण विकास संस्थान में हुई दो दिवसीय कार्यशाला में बाप पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कल्याणसिंह की सिल्ड सरपंच केशाराम मेघवाल ने भी भाग लिया। सरपंच मेघवाल ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए सतत विकास लक्ष्य की विस्तृत दी गई। साथ ही सतत विकास लक्ष्य की ग्राम विकास में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया भी गया। कार्यशाला में विभाग के अधिकारियों के साथ ही प्रदेश से सरपंचों व अन्य पंचायतराज जनप्रतिनिधि पहुंचे थे।